लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

संसद सदस्यों ने श्री के.एस. हेगड़े को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 11 जून, 2020 : लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने पूर्व लोक सभा अध्यक्ष, श्री के.एस. हेगड़े की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

लोक सभा की महासचिव श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भी श्री हेगड़े को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

अपने ट्वीट में श्री ओम बिरला ने कहा कि श्री हेगड़े को उनकी उत्कृष्ट विधिक पृष्ठभूमि और समृद्ध विधायी अनुभव के लिए याद किया जाता है । उन्होंने नई आवश्यकताओं के अनुरूप प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों की लगातार समीक्षा किए जाने और संसदीय समय का सदुपयोग करने पर ज़ोर दिया था ।

श्री के.एस. हेगड़े एक विख्यात संसदविद और विधिवेत्ता थे । वह 1952 में पहली बार राज्य सभा के लिए चुने गए थे और 1957 में तत्कालीन मैसूर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए जाने पर त्यागपत्र दिए जाने तक सभा के सदस्य रहे । बाद में उन्होंने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया । 1967 में उन्हें उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 30 अप्रैल, 1973 को त्यागपत्र देने तक वह इस पद पर बने रहे । 1977 में श्री हेगड़े दक्षिण बंगलौर निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा हेतु चुने गए । श्री हेगड़े 21 जुलाई, 1977 को डा. नीलम संजीव रेड्डी द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के पश्चात लोक सभा अध्यक्ष चुने गए। जनवरी, 1980 में लोक सभा अध्यक्ष का पद छोड़ने के बाद श्री हेगड़े कर्नाटक में अपने पैतृक स्थान में बस गए । श्री हेगड़े का 24 मई, 1990 को निधन हो गया ।

PARLIAMENTARIANS PAY TRIBUTES TO SHRI K. S. HEGDE

New Delhi, 11 June 2020: Lok Sabha Speaker Shi Om Birla paid floral tributes at the portrait of the former Speaker of Lok Sabha, Shri K.S. Hegde in the Parliament House, on his Birth Anniversary today.

The Secretary-General of Lok Sabha Smt. Snehlata Shrivastava and officers of both the Lok Sabha and the Rajya Sabha Secretariats also paid tributes to Shri Hegde.

In his tweet, Shri Om Birla recalled @ Shri Hegde is fondly remembered for his illustrious judicial background and rich legislative experience. He advocated continuous review of procedures and practices as per emerging needs and the best utilization of Parliamentary floor time.

Shri K.S. Hegde was an eminent parliamentarian and a highly reputed jurist. He was first elected to the Rajya Sabha in 1952 and was a member of the House till 1957, when he resigned following his appointment as a judge of the then Mysore High Court. Later, he functioned as the Chief Justice of Delhi and Himachal Pradesh High Courts. In 1967, he was appointed as a judge of the Supreme Court, where he continued till his resignation on 30 April 1973. In 1977, Shri Hegde was elected to the Sixth Lok Sabha from Bangalore South Constituency. On 21 July 1977, Shri Hegde was elected as the Speaker of Lok Sabha, following the resignation of Dr. Neelam Sanjiva Reddy. After demitting the Office of the Speaker in January 1980, Shri Hegde settled down at his native place in Karnataka. Shri Hegde passed away on 24 May 1990.